परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examination

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय,मीरजापुर
Maa Vindhyavasini University, Mirzapur
Email-coemvvu@gmail.com

दिनांक : 31.10.2026

आवश्यक सूचना

समर्थ पोर्टल पर छात्रों के बी0ए0एलएल0बी0/एलएल0बी0/बी0ए0बी0एड0/बी0एस0सी0बी0एड0/बी0एड0/एम0एड0/बी0पी0एड0 के बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट के परीक्षा फार्म भरने में हो रही तकनीकी समस्या के दृष्टिगत सम्बन्धित अध्यादेश के आलोक में निम्न निर्णय लिया गया।

A- बी0ए0एलएल0बी0/एलएल0बी0 में उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक प्रश्न पत्र में 36% एवं सेमेस्टर के सम्पूर्ण योग का 45% अंक प्राप्त होना चाहिए। बी0ए0एलएल0बी0/एलएल0बी0 पाठ्यक्रम के छात्र निम्नवत बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट की परीक्षा दे सकते हैं :–

(i) – ऐसे छात्र जो प्रत्येक प्रश्न पत्र में 36% और उस सेमेस्टर के कुल प्राप्तांक 45% से अधिक प्राप्त कर उत्तीर्ण है, वो अंक सुधार हेतु किसी एक प्रश्न पत्र में इम्प्रूवमेन्ट की परीक्षा दे सकते है।

(ii) – ऐसे छात्र जो प्रत्येक प्रश्न पत्र में 36% अंक प्राप्त किये है, परन्तु उस सेमेस्टर के प्राप्तांक का सम्पूर्ण योग 45% नहीं है वो किसी भी दो प्रश्न पत्र में बैक पेपर की परीक्षा दे सकते है।

(iii)– ऐसे सभी प्रश्न पत्र में जिसमें छात्र 36% से कम अंक प्राप्त किये हैं, उन सभी प्रश्न पत्रों में बैक पेपर की परीक्षा दे सकते हैं।

B- बी0ए0बी0एड0/बी0एस0सी0 बी0एड0/बी0एड0/एम0एड0/बी0पी0एड0 में उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक प्रश्न पत्र में 36% एवं सेमेस्टर के सम्पूर्ण योग का 40% अंक प्राप्त होना चाहिए। अतः बी0ए0बी0एड0/बी0एस0सी0 बी0एड0/बी0एड0/एम0एड0/बी0पी0एड0 पाठ्यक्रम के छात्र निम्नवत बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट की परीक्षा दे सकते हैं :–

(i) – ऐसे छात्र जो प्रत्येक प्रश्न पत्र में 36% और उस सेमेस्टर के कुल प्राप्तांक 40% से अधिक प्राप्त कर उत्तीर्ण है, वो अंक सुधार हेतु किसी एक प्रश्न पत्र में इम्प्रूवमेन्ट की परीक्षा दे सकते है।

(ii) – ऐसे छात्र जो प्रत्येक प्रश्न पत्र में 36% अंक प्राप्त किये है, परन्तु उस सेमेस्टर के प्राप्तांक का सम्पूर्ण योग 40% नहीं है वो किसी भी दो प्रश्न पत्र में बैक पेपर की परीक्षा दे सकते है।

(iii)– ऐसे सभी प्रश्न पत्र में जिसमें छात्र 36% से कम अंक प्राप्त किये हैं, उन सभी प्रश्न पत्रों में बैक पेपर की परीक्षा दे सकते हैं।

अतः समस्त सम्बन्धित से अनुरोध है कि उक्त पाठ्यक्रमों के तृतीय सेमेस्टर के ऐसे छात्रों को जिन्हें प्रथम सेमेस्टर की बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट की परीक्षा देनी है, उन्हें उक्त से अवगत कराते हुये उनका बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट का परीक्षा फार्म उपरोक्तानुसार भराया जाय।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक–माँ वि0वि0/प0नि0का0/474 /2026–27 तददिनांक।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति जी को ।
2. समस्त सम्मानित संकायाध्यक्ष
3. समस्त प्रबन्धक/प्राचार्य/समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही।
4. प्रभारी समर्थ एजेन्सी।
5. सम्बन्धित पत्रावली ।

उप कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner